तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

12 उपसरपंच चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों...



12 बीएसएफ ने चिलपरसर एवं डूटा में लगाया...





## खबर संक्षेप



### 5वीं-8वीं के केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण है जारी

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शालाओं में पांचवी एवं आठवीं केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2024-25 के सफल संचालन के लिए 175 प्राथमिक शाला, 70 पूर्व माध्यमिक शाला के केंद्राध्यक्षों एवं 27 संकुल प्राचार्यो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बताया गया कि कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित हो रही है, जिसमें जिला कार्यालय से प्रश्न पत्र संकुल प्राचार्य प्राप्त कर निकटवर्ती थाना में जमा करेंगे तत्पश्चात परीक्षा तिथि में ही निर्धारित विषय का प्रश्न पत्र केंद्राध्यक्षों को एक घंटे पूर्व उपलब्ध करवाया जाएगा।

### इलाज के दौरान बच्ची की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीएचसी बांदे में ईलाज के दौरान 5 मार्च को दोपहर 3 बजें छोटेबेठिया निवासी 6 वर्षीय चम्पा राय की मौत हो गई। अस्पताल से थाना में अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम किया गया।

### घरेलू विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 72 चंदनपुर निवासी 22 वर्षीय मृणाल विश्वास ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। चंदनपुर निवासी 48 वर्षीय समर विश्वास ने पुलिस को बताया कि मृतक घरेलू विवाद के कारण गुस्सा हो गया और 5 मार्च की सुबह 11 बजें घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ब्लाक स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता आज

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण द्वारा आयोजित विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन 07 मार्च को नरहरदेव के मैदान में आयोजित किया जाएगा। खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, वॉलीबॉल, खो-खो, हॉकी, कुश्ती, बास्केटबॉल, शेष पेज 10 पर

**कार्रवाई :** एनआईए के गिरफ्त में आए 4 में से 1 अंतागढ़ जनपद पंचायत का है उपाध्यक्ष

# एनआईए ने आमाबेड़ा क्षेत्र के तीन गांव से चार नक्सली समर्थकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

एनआईए की टीम आमाबेड़ा क्षेत्र में 6 मार्च की अलसुबह दबिश दिया और

- हाल ही के जनपद पंचायत चुनाव में उसकी पत्नी बनी है जनपद सदस्य
- एक माह पहले भी चार आरोपियों को 4 ओवर ग्राउंड वर्कर्स को किया था गिरफ्तार

चार ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जगदलपुर ले गए और एनआईए की विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की बात सामने आ रही है। समाचार लिखे जाने तक एनआईए ने अभी तक कोई प्रेस रिलीज जारी नहीं किया है। आमाबेड़ा क्षेत्र में यह चर्चा है कि एनआईए इसके पहले भी फरवरी माह के शुरूआती दिनों में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकी संगठन के चार ओवर ग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया था। जानकारी के अनुसार आमाबेड़ा थानांतर्गत गुमझीर, बड़ेतेवड़ा और उसेली के ग्रामीणों से पता चला है कि 6 मार्च की सुबह कई गाड़ियो में पुलिस के साथ अधिकारी आएं थे और ग्रामीणों को ले गए। हरिभूमि ने इस मामले की पतासाजी किया तो पता चला कि आमाबेड़ा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। एनआईए की टीम और उनकी मदद के लिए लोकल टीम 6 मार्च को आमाबेड़ा क्षेत्र के तीन गांव गुमझीर, बड़ेतेवड़ा और उसेली गई थी। गुमझीर से अंदू सलाम, बड़ेतेवड़ा से सुरेश सलाम, बड़े तेवड़ा से भवन लाल जैन और उसेली से शैलेन्द्र उर्फ गोलू बघेल को एनआईए की टीम गिरफ्तार करके जगदलपुर ले गए। गुमझीर सरपंच के पति से इस मामले पर बात किया तो उन्होने बताया कि हम अड़ेंगा में रहते है, जो गुमझीर से 4 किमी. दूर है और अड़ेंगा आश्रित ग्राम है। उसने बताया कि गुमझीर निवासी अंदू सलाम की गुमझीर में बाजार स्थल के पास मोटर सायकल रिपेयरिंग की दुकान है, उसकी यह दुकान लगभग 20 साल से है। बड़ेतेवड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि भवन लाल जैन 2020 से 2025 तक अंतागढ़ जनपद के उपाध्यक्ष थे और कांग्रेस समर्थित थे। इस बार के चुनाव में इनकी पत्नी राजेश्वरी जैन जनपद सदस्य जीतकर आई है। एनआईए का विशेष न्यायालय जगदलपुर में होने के चलते नक्सली मददगारों शेष पेज 10 पर



कार्रवाई : गिरफ्तार की पुष्टि हो जाने के उपरांत आमाबेड़ा क्षेत्र में फैली सनसनी

हथियार बरामदगी पर एनआईए ने किया चार माओवादी आतंकी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जाँच में मिली कई जानकारी

विस्फोटक व डेटोनेटर कराया उपलब्ध

### प्रेस रिलीज से होगा सही कारण का खुलासा

एनआईए ने अभी तक इस मामले में कोई प्रेस रिलीज जारी नहीं किए है। अभी तक कांकेर मीडिया को एनआईए के टिवटर से ही पूरी जानकारी मिलती है। एनआईए के टिवटर में आमाबेड़ा से 04 लोगों के संबंध में सायं 6 बजे तक कोई प्रेस रिलीज जारी नहीं हुआ है। प्रेस रिलीज जारी होने के बाद ही एनआईए की कार्यवाही का सही कारण का खुलासा हो सकेगा।

### 4 फरवरी को भी 4 को किया था गिरफ्तार

एनआईए ने मंगलवार 4 फरवरी को कांकेर जिले के आमाबेड़ा ईलाके से हथियार बरामदगी मामले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकी संगठन के चार ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) अनीश खान उर्फ अन्नू खान उर्फ अज्जू खान निवासी आमाबेड़ा, अनिल कुमार नेताम निवासी कलमुच्चे, जयसिंह हिडको निवासी कलमुच्चे और रघुवीर जैन निवासी उसेली को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एआईए ने 4 फरवरी को प्रेस रिलीज जारी कर गिरफ्तार करने की पुष्टि किया था।

# कोटरी नदी सुरूंगदोह में बने एनीकट के गेट जर्जर, नहीं रूक रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत कोटरी नदी पर बना सिचाई विभाग का बना एनीकट

- सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित, फसलें सूख रही, किसान परेशान

जर्जर एवं खराब स्थिति से गेट सड़ गए है, जिसके चलते डेम का पानी रिसते हुए निकल रहा है और डेम खाली हो रहा है। डेम में पानी नहीं होने से आसपास के किसान के खेत को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से परेशान हो रहे है।

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत सुरुंगदोह के पूर्व सरपंच नामदेव मरकाम ने बताया कि मेरा खेत एनीकट से लगा हुआ है। पानी के बिना हमारी फसले खराब होने के कगार पर है। डेम के गेट जर्जर होने के चलते पानी नहीं रूकता है, जिससे हम लोगों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाता है। क्षेत्र के किसान मनीष कुमेटी, दारशु जाड़े, मोती बढ़ई, जीवन रावटे, मिश्री आरदे, पलटन जैन, मांहगी जैन, अजीत जैन, नारायण पटेल, संतु चनाप ने बताया कि किसानो की फसले पानी के बिना सूखने एवं मरने के कगार पर पहुंच गई है। करोड़ों रूपये की लागत खर्च करके बनाए गया एनीकट भी किसी काम का नहीं रह गया है। विभाग की लापरवाही के कारण एनीकट एवं नदी पूरी तरह पूरी तरह सूख गई है। एनीकट जब बना था और उसको मेंटेन किया जा रहा था, तब इसी एनीकेट से गर्मी में सैकड़ो हेक्टेयर सिंचाई होती थी। ग्रामीणों ने कहा कि कोटरी शेष पेज 10 पर

### एनीकट के गेट खराब की पुष्टि की

जल संसाधन विभाग भानुप्रतापपुर के अनुविभागीय अधिकारी वीरेंद्र कोडोपी से हरिभूमि ने एनीकट के संबंध में जानकारी चाही, उन्होने बताया कि कोटरी नदी के एनीकट के गेट खराब होने की जानकारी है। प्राक्कलन बनाकर सुधार के लिए शासन के पास भेजा गया है, स्वीकृति मिलने के उपरांत जल्द बनाया जाएगा।

# 188 ग्रामीणों के नाम पर फर्जी सिम निकाला, कंपनी मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



फर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर 188 ग्रामीणों के नाम डबल केवायसी कर सिम निकालने वाले आरोपी आईडिया कंपनी के मैनेजर उत्कर्ष मिश्रा को गिरफ्तार करने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार एसआईबी सीसीटीएनएस एवं सायबर क्राईम के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा कांकेर थाना को पत्र मिला कि फर्जी तरीके से मोबाईल नंबर जारी कर धोखाधड़ी करने वाले प्वाइंट ऑफ सेल के जांच के लिए सायबर सेल को निर्देशित किया गया था। जांच के दौरान आरोपी 25 वर्षीय उत्कर्ष मिश्रा पिता सुशील मिश्रा निवासी फलेंद्र स्टोर्स मांझापारा कांकेर के द्वारा आसपास के ग्रामीणों के 188 सिम आईडिया कंपनी से फर्जी तरीके से जारी किया गया है, जिस पर अपराध धारा 318 (2), 338,336 (3), 318 (4), 340(2) बीएनएस, का घटित करना पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 76/25 धारा 318 (2), 338,336 (3), 318(4), 340(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन में एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर एवं सायबर सेल से टीम गठित कर आरोपी उत्कर्ष के पतासाजी के लिए सायबर सेल से सीडीआर, कैफ एवं लोकेशन की जानकारी प्राप्त कर आरोपी का शेष पेज 10 पर

# बाइक की ठोकर से महिला का पैर टूटा, चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम मरकाटोला में रात को बाईक चालक ने महिला को पीछे से टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया। टक्कर से महिला का पैर टूट गया था, जिसे ईलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे मरकाटोला निवासी 50 वर्षीय जगेश नाग पिता स्व. मन्ना राम नाग ने पुलिस को बताया कि दो माह पहले मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 4370 में सवार होकर डोंगरगांव डोंगरीपारा निवासी गीत मंडावी एवं साथी तुषार यादव दोनों कोरर से कांकेर जाते समय मोटर सायकल के चालक ने मरकाटोला में अपनी पत्नी अनिता नाग को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। दुर्घटना में मेरी पत्नि का दाहिना पैर व दांत टूट गया। घायल को तुरंत धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मेरी पत्नि के पैर में ऑपरेशन कर रॉड डाला गया व ईलाज जारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 125 (बी), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




## पूर्णिमा पर इस बार बन रहा शिववास योग

# होलाष्टक की शुरुआत आज से, 8 दिनों तक मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

होलाष्टक, फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर फाल्गुन पूर्णिमा (होली) तक के आठ दिनों को कहते हैं। इन दिनों को अशुभ माना जाता है इसलिए विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन आदि शुभ कार्य वर्जित होते हैं। पंचांग के अनुसार इस वर्ष 2025 में होलाष्टक की शुरुआत 7 मार्च शुक्रवार से हो रही है, वहीं इसका समापन 13 मार्च गुरुवार को होलिका दहन के साथ होगा।

- होलिका दहन 13 मार्च की रात को होगा, रात 10 बजकर 37 मिनट तक भद्रा है

होलिका दहन इस बार 13 मार्च की रात को होगा, इस रात 10 बजकर 37 मिनट तक भद्रा है, इस काल में होलिका दहन नहीं होगा। इस बार होली 14 और 15 मार्च को खेली जाएगी। तिथियों में अंतर को लेकर विभिन्न पंचांगों में अलग-अलग मत हैं। पंडितों के अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन के बाद 14 को होली खेलना बता रहा है, तो कोई 14 मार्च की दोपहर तक पूर्णिमा तिथि होने का हवाला देकर 15 मार्च को होली मनाने की बात कह रहा है, पर एक बात शेष पेज 10 पर




### होलिका दहन का शुभ-मुहूर्त

होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात को शुभ मुहूर्त में किया जाता है। इस बार 13 मार्च को भद्रा रात्रि 10 बजकर 37 मिनट तक है, इसके बाद होलिका दहन होगा। इसके अलावा जो लोग 13 मार्च को होलिका दहन नहीं करेंगे, वे 14 मार्च को शाम साढ़े 6 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक होलिका दहन कर सकेंगे। इस दौरान लोग पवित्र अग्नि में लकड़ी, गोबर के उपलें और अनाज अर्पित कर अपनी समस्याओं और नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने की कामना करेंगे।

### मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए

ज्योतिषों के अनुसार पर्व और त्योहार उदियात (सूर्योदय स्पर्श) तिथि में ही मनाए जाते हैं, लेकिन शुभ कार्यों में तिथि आरंभ का भी विचार किया जाता है। होलाष्टक में अष्टमी पर चंद्रमा, नवमी पर सूर्य, दशमी पर शनि, एकादशी पर शुक्र, द्वादशी पर गुरु, त्रयोदशी पर बुध, चतुर्दशी पर मंगल और पूर्णिमा तिथि के दिन राहु उग्र स्थिति में रहते हैं, इसलिए शुभ और मांगलिक कार्य नहीं करने की मान्यता है। इस अवधि में विशेष रूप से विवाह, वाहन खरीद, नए निर्माण व नए कार्यों का आरंभ टालना ही श्रेष्ठ है। होलाष्टक पूर्णिमा को समाप्त होता हैं, लेकिन इस बार पूर्णिमा 13 व 14 मार्च दोनों दिन है।

### शिववास का बन रहा विशेष संयोग

फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर इस बार शिववास योग का संयोग बन रहा है। इस शुभ दिन पर महादेव कैलाश पर माता गौरी के साथ विराजमान होंगे। इसके अलावा उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है। इसके साथ ही बव और बालव करण के योग हैं, जो विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन योगों में पूजा करने से सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है और ग्रह बाधाएं दूर होती हैं।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन




**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिले में महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, दौड़, जूडो, तीरंदाजी, रस्साकसी, हॉकी और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। 8 वर्ष से अधिक आयु की खिलाड़ी ले सकतीं हैं भाग इस आयोजन में 08 वर्ष से अधिक आयु की खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। इच्छुक प्रतिभागी खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कोण्डागांव में अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके कौशल को निखारने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

### पारम्परिक मड़ई के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

**कोण्डागांव।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जनकारी के अनुसार कोण्डागांव जिला मुख्यालय में पारम्परिक मावली मेला-मड़ई का आयोजन के दौरान प्रति दिन शाम 7 बजे से एनसीसी ग्राऊंड में स्थानीय आदिवासी लोक नर्तक दल एवं लोककला मंच के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्राप्त जनकारी के अनुसार 06 मार्च को बस्तर अंचल लोकरंग ग्रुप, 07 मार्च को बस्तर संस्कृति ग्रुप और 08 मार्च को रंग पुरवईया द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को दी गई 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के प्रकरण में वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है। कलेक्टर द्वारा फरसगांव तहसील के ग्राम बड़ेडोंगर निवासी जोहन कुदराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सन्तिबाई कुदराम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 68 विद्यार्थी गैरहाजिर

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 3229 दर्ज संख्या में 3161 छात्र छात्राएं शामिल हुए। इनमें 68 गैरहाजिर थे। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि गुरूवार को हुई परीक्षा में नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ जबकि 105 परीक्षा केन्द्र में परीक्षा हुई। आज इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग तथा आहार एवं पोषण विषय की परीक्षा हुई।

### बचेली नपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षद आज लेंगे शपथ

**जगदलपुर।** नगर पालिका परिषद बड़े बचेली के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह वनमंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में कल 7 मार्च को नया बस स्टेण्ड परिसर बचेली में होगा। सीएमओ पीटीएम कृष्णा राव ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, सांसद महेश कश्यप, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, श्रीनिवास राव मददी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगें।

### उपजेल में मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण एवं विधिक जागरुकता कार्यक्रम

**नारायणपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप के आदेशानुसार उपजेल नारायणपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कुमारी प्रतीभा मरकाम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर के द्वारा बंदियों को अपने प्रकरण की सुनवायी की प्रक्रिया की जानकारी ऑनलाइन किस प्रकार किया जाए।

# नारी शक्ति सप्ताह का आयोजन, महिला कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग द्वारा 3 मार्च से लेकर 7 मार्च तक नारी शक्ति सप्ताह 2025 चलाया जा रहा है। जिसमें विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों एवं महिला डाकघर अभिकर्ताओं को उनके अमूल्य योगदान के लिए 6 मार्च को उपडाकघर कोंडागांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव आर एस मिश्रा के नेतृत्व में किया गया।

■ उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव ने आयोजित किया सम्मान समारोह

### 3 से लेकर 7 मार्च तक नारी शक्ति सप्ताह

#### महिलाओं के लिए बचत योजनाएं

कार्यक्रम में अधीक्षक श्री वर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहां की महिलाओं के लिए विभिन्न बचत योजनाएं हैं। जिसमें निवेश कर महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो सकती हैं छोटी बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना है। जिससे बालिकाओं को सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने महिला डाककर्मियों एवं डाकघर अभिकर्ता को अधिक से अधिक महिला सम्मान बचत पत्र एवं सुकन्या समृद्धि के खाते खोलने पर जोर दिया और बातया की महिला सम्मान बचत पत्र खाता खोले जाने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है।




#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर उप डाकपाल कोंडागांव शेख रूहुल ताज, दयाराम ध्रुव, नईम खान, हरेंद्र यादव, डिकेश मिर्झा, संदीप राव सहित डाकघर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

#### कुमबत्ती ने लिया 1 लाख का महिला सम्मान बचत पत्र

*इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आर पी वर्मा उपस्थित रहे जिन्होंने विभाग में कार्यरत महिला डाक अभिकर्ता श्रीमती निकिता मोदी, अंजू साहू, निशा गोलछा, संध्या आचार्या, रीता गुप्ता, अंकिता राव एवं महिला डाकघर कर्मचारी नम्रता बंधैया उपडाकपाल कोंडागांव नाका, मेघा ठाकुर, मोनिका पटेल, रानी साहू, हिमांशी, राधा कश्यप, नेहा मिश्रा, रश्मी मिथलेश, मुस्कान, अंजली बर्मन एवं फरसगांव से रूपोंतीन नाग को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही कोकोड़ी ग्राम निवासी कुमबत्ती ने 1 लाख का महिला सम्मान बचत पत्र लिया जिसे हाथों - हाथ पास बुक और उपहार देकर सम्मनित किया गया।*

---

योजना : शासन ने की तीन माह खरीदी की घोषणा, मगर किसान प्लांट को नहीं बेच रहे मक्का

# शुरु होने से पहले ही सवालों के घेरे में मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग प्लांट

अमन जमील खान ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव के कोकोडी ग्राम पंचायत में 1 अरब 40 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग प्लांट अभी शुरू भी नहीं हुआ है और सवालों के घेरे में आ गया है। सरकार ने इस प्लांट में मक्का खरीदी की घोषणा तो कर दी, मगर दो महीने बीतने के बाद भी मक्का किसानो ने अपनी फसल यहां नहीं बेची। प्लांट के एमडी विकास खन्ना का कहना है कि मक्का की पैदावार कमजोर हुई है इसलिए किसान मक्का बेचने नहीं आ रहे हैं। जबकि मंडी बोर्ड के सीनियर सचिव सुरेश कुमार सिंह का दावा है कि इस साल मक्का की पैदावार पिछले साल से अधिक हुई है और किसानों ने अब तक 3 लाख 10 हजार 111 क्विंटल मक्का प्रदेश और प्रदेश के बाहर बेच दिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब किसान अपनी फसल बेच ही रहे हैं, तो उन्होंने मक्का प्रोसेसिंग प्लांट को अनदेखा क्यों कर दिया।

■ मंडी सचिव का दावा- अच्छी हुई है मक्के की फसल, किसान जिले से बाहर बेच चुके हैं तीन लाख क्विंटल से ज्यादा मक्का

■ प्लांट के एमडी ने कहा फसल हुई कमजोर, इसलिए मक्का नहीं आया, हमें किसानों का इंतजार




**मक्का प्लांट से किसानों का मोहभंग, व्यापारियों को बेच रहे मक्का** - करीब डेढ़ अरब के मक्का प्रोसेसिंग प्लांट में जिले के 48,870 किसान शेयर होल्डर हैं। उन्हें उम्मीद थी कि इस प्लांट में मक्का बेचने पर उन्हें अच्छा मूल्य मिलेगा और इसका लाभांश भी किसानों को मिलेगा। मगर हकीकत यह है कि किसान अपना मक्का व्यापारियों को बेच रहे हैं और प्लांट के प्रति उनका भरोसा कमजोर हो गया है।

**किसानों के मक्का प्लांट में न बेचने के पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण सामने आए हैं** - व्यापारी प्रति क्विंटल 100 से 150 रुपये अधिक दे रहे हैं। व्यापारी किसानों के खेतों और घरों से ही मक्का उठाकर ले जा रहे हैं। व्यापारी किसानों को बारदाने उपलब्ध करा रहे हैं। स्पॉट पेमेंट किसानों को तुरंत भुगतान मिल रहा है। इसके विपरीत, प्लांट में मक्का बेचने पर किसान को खुद फसल लेकर आनी होगी, भुगतान तुरंत नहीं मिलेगा बल्कि सरकार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही राशि खाते में आएगी।

**ये है मक्का के सरकारी और बाजार मूल्य में अंतर** - शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य कोंडागांव 2,225 प्रति क्विंटल, माकड़ी 2,240 प्रति क्विंटल, फरसगांव 2,250 प्रति क्विंटल, बड़ेराजपुर केशकाल 2,260 प्रति क्विंटल। जबकि बाजार में व्यापारी किसानों को 100 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा कीमत ऑफर कर रहे हैं और अतिरिक्त सुविधाएं भी दे रहे हैं।

प्रशासन और एमडी की दलीलें आपस में विरोधाभासी - प्लांट के एमडी विकास खन्ना का कहना है कि किसान मक्का बेचने नहीं आ रहे, शायद इस साल फसल कमजोर हुई होगी। मगर मंडी सचिव सुरेश कुमार सिंह के आंकड़े बताते हैं कि इस साल किसानों ने तीन लाख क्विंटल से ज्यादा मक्का बेचा है। प्लांट के लिए सरकार ने मक्का खरीदी की घोषणा 27 दिसंबर 2024 को की थी, मगर अब तक किसान ने मक्का नहीं बेचा। ऐसे में सवाल उठता है कि 140 करोड़ से अधिक की लागत से बने इस प्लांट का भविष्य क्या होगा।

**बेरोजगारी और विकास की उम्मीदें धूमिल** - जब यह प्लांट स्थापित किया गया था, तब किसानों को उम्मीद थी कि स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।मक्का की ज्यादा कीमत मिलेगी। जिससे आर्थिक विकास होगा। मगर प्लांट शुरू होने से पहले ही इस पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। यदि किसान इसी तरह मक्का बाहर बेचते रहे, तो प्लांट का संचालन संभव नहीं होगा और यह अरबों रुपये की बर्बादी साबित होगा।

**किसानों को है शासन से उम्मीद** - क्या प्रशासन मक्का की दरें बढ़ाएगा। क्या किसानों को बारदाने और फसल उठाने की सुविधा दी जाएगी। क्या प्लांट की प्रक्रिया सरल और त्वरित की जाएगी। अगर प्रशासन किसानों की जरूरतों और व्यापारियों की रणनीति को समझकर बदलाव नहीं करता, तो मक्का प्रोसेसिंग प्लांट महज एक सफेद हाथी बनकर रह जाएगा।

# रौंदा नक्सली मुठभेड़ की होगी न्यायिक जांच, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश राज्य के बालाघाट जिले अंतर्गत अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर द्वारा थाना गढी क्षेत्रंतर्गत रौंदा फॉरेस्ट कैम्प जंगल क्षेत्र में 19 फरवरी 2025 को प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी संगठन के कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के सक्रिय सशस्त्र नक्सलियों एवं पुलिस बल के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ उपरांत घटना स्थल का सर्च करने पर 04 सशस्त्र वर्दीधारी महिला माओवादी के शव पाए गए। जिनके पास एक इंसास रायफल मय मैगजीन, एक एसएलआर रायफल मय मैगजीन, एक 303 रायफल एवं एक 315 बोर रायफल सहित माओवादी विचार धारा संबंधित साहित्य और वायरलेस सेट व अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई।

■ दण्डाधिकारी जांच के लिए 15 मार्च के पूर्व तक साक्ष्य प्रस्तुत करने की अपील

#### घटना स्थल पर मृत पाए गए चारों महिला माओवादी की पहचान

घटना स्थल पर मृत पाए गए चारों महिला माओवादी की पहचान प्रथमदृष्टया कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के भोरमदेव एरिया कमेटी की कमाण्डर आशा निवासी जिला सुकमा छत्तीसगढ़ एवं एरिया कमेटी सदस्य शीला उर्फ पदम उर्फ सरिता निवासी पेन्टा थाना जगरगुंडा जिला सुकमा छत्तीसगढ़ तथा एरिया कमेटी सदस्य रंजीता निवासी ग्राम तुमड़िवाल तहसील मर्दापाल जिला कोण्डागांव छत्तीसगढ़ एवं एरिया कमेटी सदस्य लक्खे मरावी निवासी जिला सुकमा छत्तीसगढ़ के रूप में की गई है। उक्त घटना पर थाना गढ़ी में भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य सुसंगत अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

#### दण्डाधिकारी बैहर के समक्ष 15 मार्च 2025 के पूर्व कर सकते है प्रस्तुत

इस घटना के मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर द्वारा जनसाधारण से अपील किया गया है कि उक्त घटना के संबंध में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो लिखित या अन्य किसी भी तरह के साक्ष्य या जानकारी प्रस्तुत कराना चाहें तो वे कार्यालयीन समय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर के समक्ष 15 मार्च 2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं।

# करोड़ों की एंबुलेंस के कबाड़ होने की जांच के लिए कलेक्टर ने गठित की जांच समिति

**कोण्डागांव।** जिला अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से खरीदी गई एंबुलेंसों के अनुपयोगी होने और कबाड़ में तब्दील होने की खबर के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। हरिभूमि समाचार पत्र में इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए एक तीन सदस्यीय जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत करेंगे। इस जांच समिति को 10 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्देश दिए हैं कि पूरी जांच प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। यदि जांच में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो। सूत्रें के अनुसार, जिला अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से आधुनिक एंबुलेंसें खरीदी गई थीं, ताकि मरीजों को समय पर और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। लेकिन इन वाहनों के परिवहन विभाग में पंजीयन तक नहीं करने से व देखरेख और उचित रखरखाव के अभाव में ये एंबुलेंसें धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील हो रही हैं। पंजीयन नहीं होने से इन वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगाई जा सकी है।



**जनता में आक्रोश, प्रशासन से कार्रवाई की मांग** - इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा आम जनता के लिए दी गई सुविधाओं का इस तरह से व्यर्थ होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**10 दिनों में सामने आएगा सच** - अब सभी की नजरें जांच दल की रिपोर्ट पर टिकी हैं। 10 दिनों में आने वाली रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। अगर कोई लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

# नेलवाड़ में सिविक एक्शन का आयोजन, 29वीं वाहिनी आईटीबीपी बल के निर्देशन पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

29वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा नेलवाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए भारत सरकार के प्रावधान अनुसार सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 06.03.25 को दुष्यंत राज जायसवाल, कमांडेंट, 29वीं वाहिनी आईटीबीपी बल के निर्देशन में नारायणपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र नेलवाड़ सीओबी में किया गया।

**लगभग 400 ग्रामीण हुए लाभान्वित-** इस कार्यक्रम में लगभग 400 ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के तहत पांच गांव, गोहदा, चिंगार, फुटनचांदगांव, कस्तूरवाड़ एवं मैनपुर के 400 ग्रामीणों एवं ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के बढ़ावा तथा रोजाना उपयोग में आने वाले सामान जैसे- साइकिल जेंट्स, लेडीज एवं बच्चा, दिव्यांगों के लिए ट्राइसाइकिल, खेलकूद सामग्री बॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट सेट, बैडमिंटन, बॉलनेट सेट, टिफिनबॉक्स, स्टेनलेस स्टील बकेट एवं टंबलर आदि का वितरण किया गया। इसके अलावा, विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री भी वितरित की गई तथा नेलवाड़ प्राइमरी पाठशाला, कन्या आश्रमशाला एवं अन्य ग्रामीण विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।



**समस्या होने पर आईटीबीपी से संपर्क करें ग्रामीण** - इस अवसर पर दुष्यंत राज जायसवाल, कमांडेंट, 29वीं वाहिनी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आईटीबीपी बल इस क्षेत्र में सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी ग्रामीण को कोई समस्या हो, तो वे आईटीबीपी बल से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सेना, पुलिस व अन्य बलों में भर्ती के लिए चल रही निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों को जलपान एवं भोजन उपलब्ध कराया गया और सभी को उपहार वितरित किए गए।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम व मेडिकल कैम्प का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

188 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा मारीपारा, जिला सुकमा में 06 मार्च 2025 को अपने परिचालनिक क्षेत्र के अंतर्गत सुदुरवर्ती नक्सल ग्रस्त क्षेत्र मारीपारा, केरातोंग, महिमा, लाटीपारा, लक्कापारा, लस्केपारा, अन्दुम्पाल पेद्दारपारा, खासपारा एवं रोकेल के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्सन कार्यक्रम एवं मुफ्त मेडिकल कैम्प का आयोजन राकेश अग्रवाल, महानिरीक्षक सीआरपीएफ छग सेक्टर के निर्देशन एवं हरजिंदर सिंह, उपमहानिरीक्षक सीआरपीएफ रेंज जगदलपुर के मार्गदर्शन एवं भवेश चौधरी कमाण्डेंट-188 बटालियन सीआरपीएफ के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

■ 188 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा मारीपारा, सुकमा में नागरिक सहयता कार्यक्रम

**1000 से अधिक ग्रामीण हुये लाभान्वित** -सिविक एक्सन कार्यक्रम के तहत स्कूल के छात्र-छात्रओं को स्कूल बैग, लेखन सामग्री व खेलकूद की सामाग्री, ग्रामीण महिलाओ को विभिन्न वस्तुएं जैसे- साड़ी, चप्पल, कम्बल, बर्तन, सोलर लालटेन, आदि, पुरुषो को कपडे.साईकिल, खेती के यंत्र, आदि तथा युवाओं को खेल-कूद सामग्री किक्रेट किट, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट तथा फुटबॉल एवं कन्या आश्रम केरातोंग में छात्रओं के लिए एल.ई.डी. टी.वी.-32 इंच इत्यादि सामानों का वितरण किया गया साथ ही विभिन्न आंगनबाडियों को 200 ली. की पानी के टंकी तथा खाने के बर्तन इत्यादि भी दिये गये तथा मुफ्त मेडिकल कैम्प के तहत डा0 राहुल चद्रन आर0पी0 188 बटा0 सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामीणो के स्वास्थ्य की मुफ्त जॉच कर दवाईयो का वितरण किया गया। इसमे आस-पास के ग्राम- मारीपारा, महिमा ,केरातोंग, लाटीपारा, लक्कापारा, लस्केपारा, अन्दुम्पाल पेद्दापारा, खासपारा एवं रोकेल के 1000 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुये।







**ये उपस्थिति रहे** - इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए स्कूल के छात्र-छात्रओ एवं ग्रामीणों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस आयोजन में 188 बटालियन के अभिज्ञान कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, अमर सिंह मीणा सहा. कमाण्डेंन्ट, वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल चद्रन आर.पी. एवं डी, 188 बटा. के अधीनस्थ अधिकारी, जवानों के साथ साथ जनपद सदस्य महादेव मुचाकी,केरातोंग सरपंच और रोकेल सरपंच तथा अन्य ग्रामीणों उपस्थिति रहे।

#### भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में दी जानकारी

इस अवसर पर भवेश चौधरी कमाण्डेंट-188 बटालियन सीआरपीएफ ने अपने संबोंधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्रवासियो और सुरक्षा बलो के बीच मधुर संबंध, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है, सीआरपीएफ की मंशा है कि स्थानीय समुदायो को बुनियादी सुविधाऐ उपलब्ध कराना एवं शिक्षा, स्वास्थ और कौशल विकास को बढ़ावा देना, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोडा जाए एवं नक्सलवाद से दुर रखा जाए। यह सिविक एक्सन का कार्यक्रम केवल सुरक्षा का मुद्दा हल करने तक सीमित नही है बल्कि सामाजिक, आर्थिक विकास और स्थानीय लोगो के सशक्तिकरण का भी माध्यम है। सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं गॉव को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी। साथ ही साथ गॉव के युवा छात्रें को बल में भर्ती होने के लिए भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी तथा इस के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। ग्रामीणों व अध्यापको एवं छात्र -छात्रओ का कहना था कि सीआरपीएफ द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है जिससे हमें बेहतर लाभ मिल रहा।

## पेज 9 के शेष

#### एनआईए ने...

को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के उपरांत सबूत मिलने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते है। एनआईए ने विगत एक माह पहले भी प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकी संगठन के ओवर ग्राउंड वर्कर्स मानते हुए 4 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया था।

होलाष्टक की शुरुआत...

को लेकर सभी सहमत हैं कि होलिका दहन 13 मार्च को भद्राकाल के बाद किया जाएगा। पंडितों के अनुसार होलिका दहन और रंगों की होली दोनों का अलग-अलग महत्व है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस बार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 25 मिनट से होगी और इसके अगले दिन यानी 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर तिथि का समापन होगा।

#### कोटरी नदी...

नदी पर स्थित स्टॉप डेम के जर्जर गेट की मरम्मत करने की मांग स्थानीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से किया गया है, परंतु आज तक सुध नहीं लिया है।

#### ब्लाक स्तरीय...

रस्साकस्सी एवं वेटलिफ्टिंग का आयोजन दो ग्रुपों में किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

#### 188 ग्रामीणों के...

लोकेशन सेन चौक के पास पता चलने से आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया और एक दिन के लिए पुलिस रिमांड में लिया गया। कार्यवाही टीम में शामिल कांकेर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, सायबर सेल प्रभारी प्रेम प्रकाश अवधिया, एएसआई सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक मनीराम भोई, प्रधान आरक्षक पर्वत कौशल पोया, आरक्षक शैलेन्द्र साहू, आरक्षक दिनेश ध्रुव, आरक्षक हिमेश्वर मंडावी, आरक्षक आशीष कुंजाम, आरक्षक ज्ञानचंद ठाकुर आरक्षक असमोतिन, आरक्षक राकेश लकड़ा, आरक्षक दुर्गेश सोनवानी एवं पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

#### होलाष्टक की शुरुआत...

को लेकर सभी सहमत हैं कि होलिका दहन 13 मार्च को भद्राकाल के बाद किया जाएगा। पंडितों के अनुसार होलिका दहन और रंगों की होली दोनों का अलग-अलग महत्व है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस बार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 25 मिनट से होगी और इसके अगले दिन यानी 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर तिथि का समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### फागुन मेला के दूसरे दिन हुई खोरखुदनी रस्म

**दंतेवाड़ा।** मुख्यालय में फागुन मेले का शुभारंभ हो चुका है। मेले के आयोजन के तहत परम्परागत तौर पर खोरखुदनी रस्म का संपादन किया गया। विधि विधान से डोली वापसी के बाद चावल और चंदन की लकड़ी को दो टोकरी में भण्डारी एवं तुड़पा सेवादार सहित बारह लंकवार, पड़िहार, मांझी-चालकी एवं सेवादार मेंढ़का डोबरा मैदान के देव विश्राम मंदिर में जाते है। जहां मंदिर के आंगन में बारह लंकवार सदस्यों द्वारा खड़े होकर सभी की खुशहाली हेतु पूजा की जाती है। जिसके बाद टोकरी लेकर वापस मंदिर आते है एवं टोकरी में रखी चावल बाजा वादकों में वितरण कर आज का कार्यक्रम समापन किया जाता है। इसके साथ ही तीसरे दिन नाच मांडनी का कार्यक्रम होगा।

### दिव्यांगजनों को मिलेंगे कृत्रिम उपकरण

**सुकमा।** जिला प्रशासन सुकमा एवं भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में ओसवाल भवन सुकमा में 3 दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का अंतिम दिन शुक्रवार को निर्धारित किया गया है। शिविर में दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। शिविर में समिति द्वारा ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर्स, जूते, नकली हाथ-पैर, वॉकर एवं स्टीक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेडिकल बोर्ड द्वारा मौके पर दिव्यांगजनों की जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे।

### शाला की अनूठी पहल से बढ़ी बच्चों की उपस्थिति

# पहले बर्थडे सेलिब्रेशन फिर होती है पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखंड अंतर्गत माध्यमिक शाला कुडकानार में एक अनोखी परंपरा की शुरुआत हुई है, जिसने न केवल विद्यार्थियों को खुशी दी बल्कि उनकी विद्यालय में उपस्थिति भी बढ़ा दी है। स्कूल के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल के तहत हर छात्र का जन्मदिन विद्यालय परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।



#### गरीब बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान

सरकारी स्कूलों में अधिकतर गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं, जिनके पास जन्मदिन मनाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होते। इस कारण वे अपने जन्मदिन को खास नहीं बना पाते, लेकिन कुडकानार के इस सरकारी विद्यालय में बच्चों के जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए एक नई पहल की गई है। यहां प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव स्वयं बच्चों के लिए केक, मिठाई और चॉकलेट की व्यवस्था करते हैं। इस प्रयास से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठती है और उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

विद्यालय में प्रत्येक दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से होती है, जिसके बाद जिस भी छात्र का जन्मदिन होता है, उसे क्राउन पहनाकर हैप्पी बर्थडे गाने के साथ विशेष सम्मान दिया जाता है। इस दौरान साथी छात्र तालियां बजाकर उसे शुभकामनाएं देते हैं। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चे को एक उपहार भी दिया जाता है, जिससे वे खास महसूस करते हैं। इसके बाद सभी बच्चे उत्साहपूर्वक अपनी कक्षाओं में पढ़ाई के लिए जाते हैं

#### बढ़ी बच्चों की उपस्थिति, आया उत्साह

विद्यालय में जन्मदिन मनाने की यह परंपरा शुरू होने के बाद कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। विशेष रूप से 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देशों के बाद विद्यालय में बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां कई बच्चे स्कूल आने में रुचि नहीं लेते थे, वहीं अब वे जन्मदिन समारोह के उत्साह में स्कूल आने के लिए प्रेरित होते हैं।

#### प्रधान अध्यापक का प्रयास बनी प्रेरणा

विद्यालय के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने बताया कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने और विद्यालय में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा बच्चे जब अपना जन्मदिन विद्यालय में मनाते हैं, तो वे खुश होते हैं और उन्हें स्कूल आने की प्रेरणा मिलती है। यह देखकर हमें भी खुशी होती है कि हमारी इस छोटी सी पहल से बच्चों का उत्साह बढ़ा है।

#### बच्चों और अभिभावकों ने की सराहना

इस नई पहल की बदौलत अब बच्चे विद्यालय आने को लेकर अधिक उत्साहित रहते हैं। उनके माता-पिता भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की उपस्थिति और पढ़ाई में रुचि पहले से अधिक बढ़ गई है।

### यूपीएससी प्रीलिम्स क्वालिफाई करने पर अंकित को मिला एक लाख का चेक



**बीजापुर।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित प्रोत्साहन योजना जिसके तहत संघलोक सेवा आयोग के प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने पर 1 लाख रूपए का प्रोत्साहन राशि दी जाती है। बीजापुर जिले के ग्राम गुदमा भैरमगढ़ विकासखण्ड का होनहार विद्यार्थी अंकित सकनी पहले ऐसे विद्यार्थी हुऐ जिन्होने संघलोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी बने। कलेक्टर संबित मिश्रा ने अपने कार्यालय में अंकित को एक लाख रूपए का चेक प्रदान कर सिविल सेवा परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित होने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर अंतिम रूप से चयनित होने के लिए अग्रिम शुभकानाएं दी। वहीं जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने एवं शासन की योजनाओं का समुचित लाभ लेनें की अपील की। अंकित सकनी ने छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग के सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना की आदिवासी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## महिलाओं के लिए पैसों की पाठशाला लगाएगी निशा स्वर फाउंडेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

निशा स्वर फाउंडेशन ने गुरुवार को महिला दिवस पर बस्तर की महिलाओं के लिए उनके द्वारा किए जा रहे अनोखे आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए फाउंडर निशा नागवंशी एवं को-फाउंडर झरना मोहंती ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान महिलाओं के लिए उनके इस खास दिवस पर कुछ नया करने जा रहा है। महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके प्रयासों को पहचान दिलाना संस्था का उद्देश्य है। पैसों की पाठशाला के तहत कामकाजी महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता सत्र एवं सुपर वूमेन सुपर पावर की सोच के साथ उनका सम्मान किया जाएगा।

- बस्तर की नायिकाओं का होगा सम्मान, साथ ही लगेगा इंटरटेनमेंट का तड़का

पैसों की पाठशाला सत्र विशेषकर कामकाजी महिलाओं के लिए तैयार किया गया है ताकि वो वित्त व्यवस्था के बारे में समझे और अपना भविष्य सुरक्षित करे। इसमें मशहूर चार्टड अकाउंटेंट रजत सांखला आय व खर्च, पैसों को निवेश करने का सही तरीका, रोजमर्रा के तरीकों में बदलाव से आय में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को साझा करेंगे। महिलाओं के लिए इस तरह का आयोजन संभाग में पहली बार हो रहा है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महिलाओं के लिए मनोरंजन की भी व्यवस्था रखी गई है। जिसमें लोकल सिंगिंग आर्टिस्ट आदर्श तिवारी का लाइव परफॉर्मेंस, पॉज बैंड रायपुर द्वारा बैंड परफॉर्मेंस साथ ही बस्तर की महिला उद्यमियों द्वारा बिजनेस स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके लिए 113 मितानिन बहनों से संपर्क किया गया है। यह भव्य आयोजन 8 मार्च को विरसावरकर भवन में दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा जो कि पूर्णतः निःशुल्क होगा।

गौरतलब है कि गत वर्ष संस्था द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए इस विशेष दिवस पर मेडिकल कैंप लगाया गया था जिसका काफी अच्छा प्रतिसाद मिला था।

## एनएसएल स्टील प्लांट में 54 वें सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



औद्योगिक श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पूरे देश में हर साल 4 से 10 मार्च तक मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस और सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का विषय सुरक्षा और स्वस्थ विकसित भारत के लिए अत्यावश्यक रखा गया है।

एनएसएल में इस कार्यक्रम को मनाने के लिए एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख एमएनवीएस प्रभाकर ने सुरक्षा ध्वज फहराया और सभी अधिकारियों और श्रमिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई। एकत्रित कार्यबल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल हर कर्मचारी का अधिकार है। उन्होंने कर्मचारियों को यह याद दिलाकर भावुक कर दिया कि घर पर उनका परिवार उनके आने का इंतजार कर रहा है और उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सुरक्षित घर वापस लौटें। श्री प्रभाकर ने प्रत्येक कर्मचारी से सुरक्षा उपायों के प्रति सचेत रहने और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने सहित हर अन्य विचार से ऊपर सुरक्षा को रखने की बात कही। इस अवसर पर एक सुरक्षा प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसमें सुरक्षा, अग्निशमन और ऑपरेशनल हेल्थ सेंटर से संबंधित विभिन्न उपकरण प्रदर्शित किए गए। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के श्रमिकों द्वारा एक सुरक्षा मार्च भी निकाला गया। सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं होंगी अधिकारियों और गैर-अधिकारियों के लिए सुरक्षा निबंध प्रतियोगिता और सुरक्षा नारा प्रतियोगिता होगी। जैसे एनएसएल की प्रथा है, समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभाग को एक रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उन ठेकेदारों की टीमों को भी पुरस्कार दिए जाएंगे, जिन्होंने अपने काम में सुरक्षा उपायों के संबंध में उचित सावधानी बरती है।

### अफसरों ने विकास कार्यों का लिया जायजा



**सुकमा।** जिले में विकास कार्यों की प्रगति का आंकलन करने के लिए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण और सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन ने नियद नेल्ला नार गांवों का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक शाला लखापाल का आकस्मिक निरीक्षण भी किया, जहां विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की उपस्थिति की गहन समीक्षा की गई।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेल आयोजन में लहराया परचम

**बने ओवरऑल चैंपियन**

हरिभूम न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




बिलासपुर में आयोजित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिले के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चौंपियन का खिताब अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने खेल, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। दंतेवाड़ा के प्रतिभागियों ने सभी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। दंतेवाड़ा के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्तर के खेलों में में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। कई विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतिय स्थान प्राप्त कर अपने खेल कौशल का परिचय दिया। प्रतिभागियों ने खेलों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। दंतेवाड़ा जिले के दिव्यांग बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विशिष्ट अतिथियों ने एवं निर्णायकों की सराहना प्राप्त की।

जिले के दिव्यांग बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। टीम के जिला प्रभारी एपीसी राजेन्द्र पांडेय, एपीओ केशव सिंह, समस्त बीआरपी पूनम, अनुमेहा, नारायण लाल, स्पेशल एजुकेस्टर, शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों ने उनके इस प्रदर्शन को कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया।

जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं उप संचालक समाज कल्याण दंतेवाड़ा ने विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास और उनके कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

## विदाई समारोह में भावुक हुए कक्षा 8वीं के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

माशा भुरसुंडी में कक्षा 8वीं के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर माहौल को यादगार बना दिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संवाद हुआ, जिससे पूरे कार्यक्रम में भावनात्मक माहौल देखने को मिला।



#### शिक्षकों को दिया स्मृति चिन्ह

छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने उन्हें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए, जो जीवनभर उनके साथ रहेंगे। इस दौरान कुछ छात्रों की आँखें नम हो गईं, तो वहीं शिक्षकों ने भी अपने विद्यार्थियों को स्नेह और आशीर्वाद दिया।

#### रसोइया का सम्मान

विदाई समारोह में छात्रों ने मध्यान्ह भोजन की रसोइया खुजी बाई और सोमन राम को भी सम्मानित किया। बच्चों का कहना था कि वे बीते तीन वर्षों से निरंतर माता-पिता की तरह हमें भोजन कराते आ रहे हैं। सम्मान पाकर रसोइया भावुक हो गईं और ममता भरी नजरों से बच्चों को देखते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

#### शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका रश्मि नेताम, शिक्षक हेमलता कश्यप, शैलेंद्र तिवारी, भूतेश्वर प्रसाद पांडे, राजेश्वरी ध्रुव, लोकेश रावटे, सतीश श्रीवास्तव, लखन साहू, पीलूराम नाग,अर्जुन बघेल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा

विदाई समारोह में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने स्कूल के दिनों को जीवंत कर दिया। कुछ छात्रों ने कविता और भाषण के जरिए अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरा माहौल भावुक हो गया।

#### प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण लखन साहू ने प्रतिभागियों को नगद राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं।

#### अनुभवों को साझा करते भावुक हुए छात्र

समारोह के अंत में छात्रों ने अपने विद्यालय में बिताए गए पलों को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। कुछ छात्र अपने दोस्तों और शिक्षकों से विदा लेते हुए भावुक हो गए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और यादगार पलों को हमेशा संजोकर रखने का संकल्प लिया।

## महिला खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बालिकाओं और महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं महिला खेल के प्रति वातावरण तैयार करने हेतु जिला प्रशासन के तत्वाधान में विकासखण्ड स्तर पर महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में महिला खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला मुख्यालय सुकमा में गुरूवार को विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के अतर्गत एथलेटिक्स, गोला फेंक, भाला फेंक, बालीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन खेल आयोजित किया गया। मिनी स्टेडियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बालिका एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकासखंड स्तर पर विजयी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता सुकमा में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक, विकासखंड शिक्षाधिकारी सुखराम देवांगन, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रफुल्ल डेनियल, डॉ. प्रदीप पटेल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को दिए गए ड्रेस, कॉपी, किताब व बेग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



80 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा कैम्प भद्रीमऊ में गुरुवार को सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस महानिरीक्षक (परिचालन) छग सेक्टर, रायपुर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियानों के तहत लंबे समय से नक्सलवाद से प्रभावित रहे बस्तर के भद्रीमऊ तथा आस-पास के अंदरुनी क्षेत्र में ग्रामीणों को आवश्यक दैनिक उपयोग के सामग्री वाहिनी कमाण्डेन्ट जितेन्द्र कुमार ने वितरित किया। कार्यक्रम में काकालगुर पंचायत के ग्राम भद्रीमऊ, ऊरुकपाल, बोरावाडा, मवालीपारा, कंदानार के ग्रामिणजनों के लिये सिविक एक्सन प्रोग्राम एवं मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत भद्रीमऊ एवं आस-पास क्षेत्र के ग्रामीणों के लिये दैनिक उपयोग की सामग्री वितरण किया गया तथा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण किया गया।

सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत स्कूली बच्चों के लिये स्कुल ड्रेस, बैग, लेखन सामग्री एवं आमजनों के लिये पानी की टंकी, सौरऊर्जा लैम्प, कृषि कार्य हेतु फावडा, गैती, खानपान हेतु पतीला, भगौना, डेगचा, स्टील थाली, स्टील ग्लास, परिधान हेतु साड़ी, लुंगी, गमछा, हवाई चप्पल, कंबल, मनोरंजन हेतु 32 इंच की टेलिविजन, आवागमन हेतु साईकिलों एवं खिलाड़ियों के लिये खेल सामग्री जैसे-वॉलीवॉल, फुटवॉल, नेट, क्रिकेट बैट, वॉल, विकेट, किकेट किट ईत्यादि सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में भद्रीमऊ एवं आस-पास के लगभग 550-600 ग्रामीण, स्कूली बच्चों एवं खेल प्रतियोगिता बढ़-चढ कर हिस्सा लिया एवं सभी ग्रामवासियों को भोजन करवाया गया। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के इस कार्य की सराहना की साथ ही फोर्स एवं आम जनता के मध्य आपसी सामंजस्यता की दिशा में अग्रसर हुआ।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हरिस एस द्वारा विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन शिक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत आयोजित वार्षिक परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों और परीक्षार्थियों के अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न नहीं हो, इसे मद्देनजर रखते हुए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत सम्पूर्ण बस्तर जिले में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर अधिनियम की धारा 2 के अन्तर्गत परिभाषित कोलाहल एवं समस्त ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर आगामी आदेश तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश का उल्लंघन अधिनियम की धारा 15 के अधीन दण्डनीय होगा। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 घ की शक्तियों को प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 7 के प्रयोजन के लिये उपयुक्त अवसरों पर सीमित अवधि के लिए अनुज्ञा देने हेतु नगर दण्डाधिकारी जगदलपुर एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को उनके स्थानीय क्षेत्राधिकारिता के अन्तर्गत विहित प्राधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु सशक्त किया जाता है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कोकपुर सरपंच एवं पंचों ने ली शपथ

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर ग्राम पंचायत कोकपुर में नवनिर्वाचित सरपंच निशा दुग्गा और सभी पंच ने शपथ लिया। नवनिर्वाचित सरपंच ने शपथ लेने के उपरांत कहा कि वे पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने सभी पंचों एवं ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास पर विशेष जोर देने की बात कही। इस अवसर पर पंचायत के पूर्व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अपर कलेक्टर को निगम आयुक्त का प्रभार

**जगदलपुर।** गुरुवार को कलेक्टोरेट में पदस्थ अपर कलेक्टर प्रवीण कुमार वर्मा ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर निगम आयुक्त का पदभार संभाग लिया। कलेक्टर हरीश एस. ने शासन के निर्देश पर उन्हें अपर कलेक्टर के साथ-साथ निगम आयुक्त की भी जिम्मेदारी सौंपी है। गौरतलब है कि निगम आयुक्त निर्भय कुमार साहू को तीन दिन पहले उनके पुराने मामले भारतमाला परियोजना में आर्थिक अनियमितता के चलते शासन ने निलंबित किया है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के गांव गढ़िया में जीते सरपंच का सांसद ने बढ़ाया हौसला

**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गढ़िया में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले सरपंच भरत कश्यप का सांसद महेश कश्यप ने हौसला बढ़ाते कहा कि गांव की मूलभूत विकास कार्यो का काम तेजी से करें। इसमें हर संभव मदद का आश्वासन देते सांसद ने कहा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के गांव में जीतकर तुमने भाजपा का परचम लहराया है इससे प्रतीत होता है कि कांग्रेस का प्रभाव जनता के बीच घट रहा है। जब अपने गांव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सरपंच नहीं जीता पाए तो आगे बस्तर और प्रदेश में कांग्रेस को आगे ले जाने में उनका कैसा योगदान रहेगा।

# वनरक्षक की नौकरी के नाम पर ऐंठा लाखों रुपए, मांगने पर दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

## अफसर व नेताओं से पहचान होने का दिया झांसा




कोरर थाना क्षेत्र के युवक को आरोपी ने बड़ी-बड़ी बातें करके व अफसर और नेताओं के साथ जान पहचान होने का झांसा देकर वन रक्षक की नौकरी लगाने के नाम चार लाख रूपएं ऐंठ लिया था। आरोपी युवक की नौकरी नही लगा पाया। युवक ने अपने पैसा को वापिस करने कहा, आरोपी ने पैसा वापिस नही करते हुए धमकी देने लगा। पीड़ित युवक ने आरोपी के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर लाखो रूपएं की धोखाधड़ी करने के शिकायत दर्ज कराया है।

कोरर थाना में 5 मार्च को शिकायत करने पहुँचे कोरर निवासी 43 वर्षीय राजेश कुमार जैन पिता मनराखन जैन ने पुलिस को बताया कि इलेक्ट्रानिक दुकान का संचालक हूं। वर्ष 2019-20 में कोरर के चंदन गोटा के दुकान को किराया पर लेकर अपना इलेक्ट्रानिक दुकान चला रहा था। माह अक्टूबर 2020 में दोपहर 2 बजे अपने इलेक्ट्रानिक दुकान के पास था, तभी आरोपी गितपहर निवासी तीरथ सिन्हा मेरे दुकान के पास आया और मुझे बताने लगा कि मेरा अफसरों और नेताओं के साथ अच्छा जान पहचान है। आरोपी बड़ी-बड़ी बातें करने लगा, जिस कारण से मैं आरोपी तीरथ सिन्हा के बातों को विश्वास कर लिया। मुझे झांसे में लेकर वनरक्षक की नौकरी लगा देने की बात बताकर 6 लाख रूपएं देना होगा तथा 4 लाख रूपएं एडवांस के रूप में पहले देना पड़ेगा बोला। आरोपी द्वारा पैसा मांगने पर 30 अक्टूबर 2020 को महेश सिन्हा एवं मेरी पत्नी सरस्वती जैन के सामने एक लाख रूपएं नगद दिया। 4 नवंबर 2020 को बैंक से 3 लाख 25 रूपएं निकालकर तुरंत आरोपी के भारतीय स्टेट बैंक के खाता में बैंक की सर्विस चार्ज 25 रूपएं सहित 3 लाख 25 रूपएं को जमा किया। पैसा देने के बाद आज तक मेरा नौकरी नही लगाया, ना ही मेरा पैसा वापिस किया। कई बार बोलने पर भी आजकल करके घुमाता रहा। मोबाईल फोन से भी सम्पर्क कर पैसे के लिए बोला तो नही दूंगा, जो करना है कर लो करके धमकी देता रहा। आरोपी द्वारा मुझसे नौकरी दिलाने के नाम पर छल पूर्वक धोखाधड़ी कर 4 लाख रूपएं का ठगी किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## चुनाव : भानुप्रतापपुर की 52 ग्राम पंचायतों में कल होगा उपसरपंच चुनाव

# उपसरपंच चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के 52 ग्राम पंचायतों में होने वाले उपसरपंच चुनाव के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठसीन अधिकारियों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत सभा कक्ष में दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित प्रशिक्षण में बताया गया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 17 में ग्राम पंचायत उपसरपंच के निर्वाचन संबंधी प्रावधान दिए गए है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 17 (5) के अंतर्गत तहसीलदार विहित अधिकारी प्राधिकृत होते है। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए एसडीएम गंगाधर वाहिले ने सभी पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों से निर्वाचन कार्य को पूर्ण गंभीरता एवं अनुशासन के साथ करने को निर्देशित किया । पंचायती राज अधिनियम के तहत 8 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से सभी 52 ग्राम पंचायतों में उपसरपंच निर्वाचन का सम्मेलन किया जावेगा। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि उपसरपंच पद के निर्वाचन हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी प्ररूप -दो में नाम निर्देशन पत्र भरेगा, जिसमें प्रस्तावक तथा समर्थक के रूप में 2 सदस्यों के हस्ताक्षर होंगे। कोई भी पंच एक से अधिक अभ्यर्थी का प्रस्ताव या समर्थन नहीं कर सकेगा। नाम निर्देशन पत्र सम्मिलन के लिए नियत समय के 1 घंटे के भीतर पीठासीन अधिकारी को दिया जाएगा। कोई नाम निर्देशन पत्र जो निर्वाचन के नियमों के अनुसार नही होगा, मान्य नहीं होगा। पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी को देवनागरी लिपि में वर्णनुक्रमानुसार लिखे गए उसके नाम के अनुसार एस-एक अनुक्रमांक दिया जाएगा। साथ ही प्रारूप 3 में मतपत्र तैयार किया जाएगा और प्रत्येक सदस्य को एक-एक मत पत्र दिया जायेगा जो अभ्यर्थी के नाम के सामने क्रास चिन्ह (एक्स ) लगाएगा, जिसे वह मत देना चाहता है। सदस्य मत पत्र पर न तो हस्ताक्षर करेगा, न ही कोई और दूसरा चिन्ह लगाएगा। मतदान के उपरांत पीठासीन अधिकारी तत्काल मतगणना करेगा और मत गणना उपरांत परिणाम की घोषणा करेगा। मतदान एवं मत गणना के पश्चात सील बंद कर कार्यलय में जमा करेगा।

प्रशिक्षण में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, सीईओ जनपद अशोक ठाकुर, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर ,निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर के साथ साथ सभी पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीएसएफ ने चिलपरसर एवं डूटा में लगाया शिविर, ग्रामीण लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

कोयलीबेड़ा में स्थिति 30 वीं वाहिनी बीएसएफ कोयलीबेड़ा द्वारा सीओबी कैंप चिलपरस, सीओबी डूटा और आसपास गांव में रहने वाले नागरिकों के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम और निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 30 वीं वाहिनी बीएसएफ के कमांडेट राजनारायण मिश्र ने आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि बीएसएफ के शिविर आमजनता की सुरक्षा के लिए लगाए गए है। हमारी टीम आमजन को हर मदद के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसी के तहत सीओबी चिलपरस और डूटा में सिविक कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को मूलभूत सामग्री के तहत पोली सीट, दरी कॉटन, कंबल, पानी की टंकी, स्कूल के बच्चों के लिए जूते, स्कूल बैग, लेखन-सामग्री, सिलाई मशीन, फारठा, क्रिकेट किट एवं क्रीड़ा संबंधित सामग्री और बर्तन का वितरण किया गया। सीओबी चिलपरस में चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रेश कंवर, बीएसएफ कोयलीबेड़ा के मेडिकल स्टाप की उपस्थिति में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुँचे गाँव के लोगों की निःशुल्क चिकित्सा जांच, चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। सीओबी डूटा में सिविक एक्शन प्रोग्राम के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जो प्रशंसनीय था।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के दौरान 30 वीं वाहिनी बीएसएफ के अधिकारी राजेश कुमार यादव, रमेश लांबा, मिथलेश कुमार, बीएसएफ के अन्य अधिकारी एवं स्टाप एंव कई गाँव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दरभा जनपद में भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दरभा



नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों की मौजूदगी में गुरुवार को दरभा जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। दोनों पदों के लिए भाजपा समर्थित और कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। 10 जनपद सदस्यों में भाजपा समर्थित मानकदई कश्यप को 6 मत एवं कांग्रेस समर्थित कंचन कश्यप को 4 मत मिले। जिसमें मानकदई कश्यप अध्यक्ष निर्वाचित हुई। नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष को प्रमाण पत्र पीठासीन अधिकारी एवं जनपद पंचायत सीईओ ने प्रदान किया। इसके उपरांत उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया,जिसमें भाजपा समर्थित हरिप्रसाद कश्यप को 6 मत एवं कांग्रेस समर्थित राजू सोढ़ी को 4 मत प्राप्त हुए। चुनाव जीतने के बाद नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य सदस्य दुर्गा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। तत्पचात विजय रैली में जमकर आतिशबाजी की गई। भाजपा समर्थित जनपद सदस्य गागरा राम नाग, कमलू कावासी, जयमनी मौर्य, दयमती नाग उपस्थित थे।

### भाजपा की रीति-नीति की जीत : दिनेश

पर्यवेक्षक पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति की जीत है। सभी मतदाताओं का आभार मानता हूँ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की कुशल नेतृत्व की जीत है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जगदलपुर से पहुंचे विद्याशरण तिवारी, योगेंद्र पांडेय, हुंगाराम मांड़वी, आर्यद्र सिंह आर्य, राजेश श्रीवास्तव, संग्राम सिंह राणा, देवी प्रशाद बेंजाम, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, सुरेश कश्यप,संजय चंद्राकर, योगेश पानीग्राही, सतीश बाजपेई सहित दरभा ब्लाक के बबलू नाग, सुकुलु मरकाम, नारायण कुरानी, रामेश्वर नाग, अनंत कश्यप, रामसिंह नाग, सामदेव नाग, लखमू नाग, भीम नाग, मनी मंडावी, सरपंच दुर्गा नाग सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कार पेड़ से टकराई, चालक की मौत, विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम पत्थरी में जंगलवार कॉलेज के फसर मेस के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचनपा में पाया गया कि मृतक 5 वीं बटालियन जगदलपुर थाना परपा जिला बस्तर 27 वर्षीय ऋषभ त्यागी पिता शैलंद्र त्यागी 14 फरवरी को महेन्द्रा शोरूम जगदलपुर से शोल्ड वाहन को लेकर रायपुर जा रहा था। अगले दिन 15 फरवरी को सुबह करीबन4 बजे ग्राम पत्थरी अफसर मेस के पास मेन रोड राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे वाहन चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाकर रोड किनारे पेड़ से टकरा गया, जिससे आसपास के लोगो की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान युवक का मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रेलवे स्टेशन पार्किंग से बाइक की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के रेल्वे स्टेशन के पार्किंग में खड़ी मोटर सायकल की चोरी करने की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन की तालाश में जुट गई। वाहन का मालिक वाहन को पार्किंग में खड़ी कर निजी काम से ट्रेन में सवार होकर बाहर गया था। तीन दिन बाद वापिस आया, तब तक वाहन की चोरी हो गई थी। थाना में शिकायत करने पहुंचे जिला वनापरती तेलंगाना के नागरलाबंडा तांडा तुमुकोण्टा विपनगंडला मंडलम निवासी 26 वर्षीय आर. शंकर नायक पिता राथलावथ बाशा हॉल निवास सुभाषपारा ने पुलिस को बताया कि एलआईसी ऑफिस भानुप्रतापपुर में डेवलोपमेंट ऑफिसर के पद पर पदस्थ हूं और 28 फरवरी की सुबह लगभग 5 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 4385 को भानुप्रतापपुर के रेल्वे स्टेशन पार्किंग में छोड़कर अपने निजी काम से ट्रेन से रायपुर और बालोद गया था। ट्रेन से वापिस 3 मार्च को अपने दोस्त के गाड़ी से भानुप्रतापपुर आया। रेल्वे स्टेशन भानुप्रतापपुर के पार्किंग में खड़ी किए मोटर सायकल को लेने के लिए दोस्त प्रवीण सूर्यवंशी के साथ शाम लगभग साढ़े 6 बजे गया और बाहर पार्किंग में जहां पर मै अपनी मोटर सायकल खड़ा किया था, वहां जाकर देखा तो मेरा मोटर सायकल वहां पर नहीं था। मै अपने स्तर पर आसपास काफी खोजबीन किया, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। कोई अज्ञात चोर ने मेरे मोटर सायकल जिसकी कीमत 80 हजार रूपएं है, को चोरी कर अपने साथ ले गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# जवान की हत्या मामले में 4 नक्सली व समर्थक गिरफ्तार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सेना के जवान की हत्या के मामले में एनआईए ने गुरुवार को साजिश में शामिल होने के आरोप में चार सीपीआई माओवादी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भवन लाल जैन उर्फ भुवन जैन और उनके सहयोगी सुरेश कुमार सलाम के साथ शैलेंद्र कुमार बघेल उर्फ गोलू और अंदुराम सलाम के रूप में हुई है। एनआईए की जांच के अनुसार प्रतिबंधित आतंकी संगठन के चार ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) और समर्थक मोतीराम अचला की हत्या की आपराधिक साजिश रचने में सीधे तौर पर शामिल थे। आरोपी लोगों के मन में आतंक पैदा करने के लिए जबरन वसूली सहित सीपीआई (माओवादी) की आपराधिक, गैरकानूनी गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे थे। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में हवलदार के पद पर तैनात अचला की फरवरी 2023 में उत्तर बस्तर के उग्रवाद प्रभावित कांकेर जिले के बड़ेतेवड़ा गांव में अपने गृह नगर की यात्रा के दौरान एक स्थानीय मेले में बेरहमी से हत्या कर दी :शेष पेज 10 पर
गई थी।

# धनकर समाज का दो दिनी सम्मेलन कल

**धनेलीकन्हार।** झेरिया गड़रिया धनकर समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 8 मार्च शनिवार को 12 बजे से समाजिक भवन ईमलीपारा कांकेर में आयोजित किया गया है। समाज के अध्यक्ष सियाराम धनकर की अध्यक्षता में सम्मेलन के दौरान सामाजिक निर्णय व समाजिक उत्थान पर चर्चा के साथ साथ कक्षा 10 वीं व 12 वीं में अधिक अंक लाने वाले छात्रोंओ का सम्मान प्रशस्ती पत्र व नगद राशि से किया जाएगा। यह जानकारी समाज के मिडिया प्रभारी रामसिंह धनकर ने दिया।

# पीएम इंटर्नशिप स्कीम में 12 तक पंजीयन

**कांकेर।** जिले के युवाओं के लिए पीएम इंटर्नशिप स्कीम में हिस्सा लेने का सुनहरा अवसर है। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक उम्मीदवार पीएम इंटर्नशिप स्कीम की आधिकारिक वेबसाइट में 12 मार्च तक अपना पंजीयन कर सकते हैं। इस स्कीम के तहत दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष है वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


रिजर्वेशन कोच
24 जून से 04 जुलाई 2025, 08 जुलाई से 18 जुलाई 2025, 29 जुलाई से 08 अगस्त 2025 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884


रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।

संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport